तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 21 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नवागढ़ को मंत्री दयालदास ने दी स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी सौगात...



10 डीकार्बनाइजेशन की दिशा में कारगर होगी एसपी-3 ...



## खबर संक्षेप

### जमीन के नाम पर 70 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई।** गोवा टूर, गोल्ड क्वाइन और जमीन का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले युवक को ससुराल से पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि भिलाई तीन निवासी सुषमा सिंहने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2022 में एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम से सूर्या ट्रेजर आईलैन्ड में ऑफिस खोला गया था। जहां डिजायर ताज वेकेशन के डायरेक्टर पिंदू सोनेकर ने लोगों को प्रलोभन देकर ठगी की है। पिंदू लोगों को 10 साल की सदस्यता लेने पर 1000 वर्गफीट जमीन, सोने का क्वाइन और टूर एण्ड ट्रेवल्र्स में फ्लाईट से गोवा ट्रिप कराने का ऑफर दिया था। कंपनी के लुभावने ऑफर के झांसे में सुषमा भी आ गई। उसने अपने साथ उषा देवी, संजना देवांगन, पंकज दिल्लीवार, एकता बंजारे, के. प्रियंका, वी. नागेश्वर, शंशाक सार्वा, एस. कल्याणी, गंगा बाई समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर 10 साल की सदस्यता खरीदी। पीड़ितों को पता चला कि नागपुर महाराष्ट्र निवासी पिंटू रमेश सोनेकर 70 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर फरार है। आफिस आने पता चाल कि वहां ताला लटका है।

### भाई के सिर पर बियर की बॉटल फोड़ी, केस

**भिलाई।** महिला के गाल पर थप्पड़ जड़कर उसके भाई के सिर पर बियर का बॉटल फोड़कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सत्यम चौक, रुआबांधा बस्ती निवासी कौशल्या साहू ने शिकायत किया है कि 18 मई को घर के बाहर खड़ी बाइक सीजी 07 सीडी 1203 को सीजी 07 सीएम 4939 में सवार होकर पहुंचे युवकों ने ठोकर मार दी। घटना की आवाज सुनकर महिला घर के बाहर निकलने पर तीनों युवकों को वाहन ठीक से चलाने की हिदायत दी। तीनों युवकों ने महिला को गाली गलौज कर उल्टा चार-पांच थप्पड़ जड़ दिया। अपने भाई श्रवण कुमार साहू को आवाज देने पर भाई घर से बाहर आया। उसे भी युवकों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर गाली गलौज किया गया।

### ताला तोड़कर 2 लाख रुपए के जेवरात पार

**भिलाई।** तीन अलग-अलग मकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि म.नं. 75/ए एसबीआई कालोनी जुनवानी निवासी ममता पाल के मकान के बाउण्ड्रीवाल से कुदकर मेन गेट का दरवाजा तोड़ कर मकान में घुसकर चोरी किया गया।

## विरोध

### पुलिस प्रशासन की नाकामी पर जमकर जताया गया आक्रोश

# सोनपुरी हत्याकांडः मासूम बच्ची को न्याय दिलाने चौकी घेराव में उमड़ा जनसैलाब

**5 जून तक अल्टीमेटम, कार्रवाई नहीं होने पर होगा जिला स्तरीय आंदोलन**







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

सोनपुरी में 11 वर्षीय नाबालिग बालिका की हत्या के मामले में तीन महीने बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित नागरिकों ने मंगलवार को संबलपुर पुलिस चौकी का जहां घेराव किया वही पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किए।

■ नए बस स्टैंड में हुई जनसभा, कांग्रेस नेताओं और सर्व समाज ने दिया समर्थन

इससे पहले नवागढ़ के संबलपुर स्थित नए बस स्टैंड में जनसभा आयोजित की गई, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों, संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा के बाद चौकी का शांतिपूर्ण घेराव कर एडिशनल एसपी गायत्री सिंह को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 5 जून तक का अल्टीमेटम दिया गया। चेतावनी दी गई कि तय समय-सीमा में गिरफ्तारी नहीं हुई, तो जिला स्तरीय आंदोलन किया जाएगा।

### कांग्रेस ने दिया खुला समर्थन

धरना-प्रदर्शन में बेमेतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, पूर्व मंत्री गुरु रुद्रकुमार, और पूर्व विधायक गुरदयाल सिंह बंजारे सहित कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया और आंदोलन को समर्थन दिया। आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह न्याय की लड़ाई है, जिसमें कोई समझौता नहीं होगा। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को जिला मुख्यालय तक ले जाया जाएगा।

### सभा में उठी पुलिस की जवाबदेही की मांग

सभा में वक्ताओं ने कहा कि आरोपी का हिरासत से फरार होना पुलिस की गंभीर लापरवाही है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि समाज में बेटियों की सुरक्षा पर भी चिंता पैदा करती है। वक्ताओं ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

### एडिशनल एसपी का आश्वासन

ज्ञापन लेने पहुंचीं एडिशनल एसपी गायत्री सिंह ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### राज्य सरकार के लिए शर्म की बात हैः गुरु रुद्रकुमार

पूर्व मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा कि जब आरोपी पुलिस हिरासत से भाग जाता है और तीन महीने बाद भी नहीं पकड़ा जाता, तो यह प्रशासनिक विफलता है। यह राज्य सरकार के लिए शर्म की बात है। इसी तरह पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे ने कहा कि यह मामला अब केवल कानून का नहीं, सामाजिक चेतना का प्रश्न बन गया है।

### पिता बोले, बेटी को न्याय मिले

सभा में बच्ची के पिता भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए आप सब साथ हैं, यही हमारी ताकत है। उसकी चीखें आज भी कानों में गूंजती हैं। न्याय मिले, बस यही मांग है।

**जमकर लगे नारे, सौंपा गया ज्ञापन :** सभा के बाद चौकी का घेराव करते हुए प्रदर्शनकारियों जिनमें काफी संख्या में शामिल महिलाओं ने 'पीड़ति को न्याय दो', 'लापरवाह पुलिस शर्म करो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के अंत में चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सात दिन के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई है।

**सैकड़ों नागरिकों की मौजूदगी, ये प्रमुख लोग रहे उपस्थितः** इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाजसेवी जुटे। जिसमें प्रदेश लोधी समाज अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा, पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष थानेश्वर साहू, ललित विश्वकर्मा (प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस),शशि प्रभा गायकवाड (जिला पंचायत सदस्य), सुशील जोशी, विजय बघेल, पूर्व नगर पालिका बेमेतरा अध्यक्ष शकुंतला साहू, हरीकिशन कुर्रे, देवादास चतुर्वेदी, जमुना प्रसाद वर्मा (बिलासपुर जिला अध्यक्ष), सतीश मारकंडे, महेंद्र साहू, संतोष साहू, जनार्दन यादव, ईश्वर सिंह लोधी, पोसगिल वर्मा, माधव सिंह लोधी, देव राज राजपूत, मधुबन सिंह लोधी, कमल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, लव कुमार, धीरपाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, भारत वर्मा, मोहन वर्मा, आशीष सिंह राजपूत, सतीश राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत, लखन राजपूत, दौलत वर्मा, शत्रोहन राजपूत, मोहित वर्मा, जलेंद्र वर्मा, हरिहर वर्मा, और कई अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस की कड़ी कार्रवाई विशेष टीम गठन और इनाम की घोषणा

पुलिस ने इस गंभीर मामले को लेकर अब तक की सबसे कड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की है और आरोपी का पता बताने वाले को 5000 रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गुप्त रखी जाएगी। पुलिस की इस कार्यवाही के बावजूद आरोपी के फरार होने के मामले में 17 फरवरी को दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था और चौकी प्रभारी को पद से हटाया गया है, जिससे पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है।

### आगे की रणनीति

लोधी समाज अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि यदि 5 मई तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पूरे जिले में चरणबद्ध व्यापक आंदोलन किया जाएगा। यह संघर्ष बेटी की सुरक्षा, सम्मान और न्याय की लड़ाई है, जिसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## पतोरा सरपंच व पंचों ने विधायक दीपेश से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच एवं समस्त पंच प्रतिनिधियों ने विधायक दीपेश साहू के निवास कार्यालय पहुँचकर मुलाक़ात किए। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने गाँव के समग्र विकास हेतु विभिन्न आवश्यकताओं और लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधियोंने ने गांव में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु विकाश कार्यों की मांग रखी। सरपंच नेमिन साहू के नेतृत्व में आए दल में उपसरपंच दुर्गेशवारी साहू, छगनलाल साहू, योगेन्द्र कुमार साहू, थानेदार साहू, गैद राम यादव, ललित यादव,राजू यादव,अनीता गायकवाड़, राधिका यादव,पर्मिला साहू, मोतीन यादव, ओमेश्वरी साहू,अमृका साहू, धर्मीन निषाद, युवराज साहू एवं ओमकार साहू शामिल रहे। विधायक दीपेश साहू ने इस अवसर पर कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन एवं तेज़ी से विकास कार्य हो रहे हैं। हमारी सरकार ग्राम स्तर तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। ग्राम पतोरा के लिए भी हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे, ताकि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएँ सहज रूप से उपलब्ध हों। दिए गए सुझावों और मांगों को प्राथमिकता में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक श्री साहू ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी और आगामी दिनों में ग्राम पतोरा को एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## युक्तियुक्तकरण प्रशासनिक बदलाव नहीं, शैक्षिक सुधार की नींवः बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है, और इस नींव को मजबूत करने के लिए शिक्षा व्यवस्था का संतुलित, समावेशी और प्रभावी होना आवश्यक है। वर्तमान में बेमेतरा जिले में शिक्षकों और शालाओं की जो स्थिति है, वह हमें युक्तियुक्तकरण की आवश्यकता की ओर स्पष्ट रूप से इंगित करती है जारी बयान में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल संसाधनों का समुचित उपयोग होता है, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि शैक्षिक सुधार की नींव है बेमेतरा जिले में वर्तमान में 1049 शालाएं युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत चिन्हित की गई हैं, जिनमें 276 प्राथमिक शालाएं और 73 पूर्व माध्यमिक शालाएं शामिल हैं। जिले में 28 शिक्षक अतिशेष हैं, वहीं 43 शालाएं एकल शिक्षक के भरोसे चल रही हैं और 2 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं। ऐसी स्थिति में युक्तियुक्तकरण एक आवश्यक कदम बन जाता है।

### युक्तियुक्तकरण से हैं कई लाभ

युक्तियुक्तकरण का सबसे पहला और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह शैक्षणिक संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करता है। जिन शालाओं में शिक्षक अधिक हैं, वहां से अतिरिक्त शिक्षकों को उन शालाओं में स्थानांतरित किया जा जाएगा, जहां शिक्षक नहीं हैं या बहुत कम संख्या में हैं। इससे छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित होता है, जिससे बच्चों को अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। पर्याप्त भवन उपलब्ध होगा ।

दूसरा लाभ यह है कि एकल शिक्षक शालाओं की समस्या का समाधान होगा । एकल शिक्षक शालाएँ न केवल शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर होती हैं, बल्कि शिक्षकों पर कार्यभार अत्यधिक होता है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से ऐसे विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक उपलब्ध कराए जाएँगे, जिससे बच्चों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से पढ़ने का अवसर मिलेगा।

तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि शिक्षकविहीन शालाओं की समस्या का निदान होगा । बेमेतरा जिले में दो प्राथमिक शालाएँ ऐसी हैं जहाँ कोई शिक्षक नहीं है। यह स्थिति बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। युक्तियुक्तकरण से इन शालाओं में आवश्यकतानुसार शिक्षक तैनात किए जाएँगे। चौथा लाभ यह है कि इससे सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है। शिक्षकों की अनावश्यक अधिकता वाली शालाओं में मानव संसाधन का अपव्यय होता है, जबकि किसी अन्य शाला में उसी संसाधन की कमी महसूस ▶▶| शेष पेज 11 पर

## डीएवी जांता सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने किया उत्कृष्ट प्रर्दशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में दाढ़ी क्षेत्र का एक मात्र सीबीएसई स्कूल डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के कक्षा 12 वीं के साथ 10 वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा बारहवी में 17 बच्चों में 8 बच्चों का प्रथम स्थान एवं 10 वीं में 47 बच्चों में से 10 बच्चों ने प्रथम स्थान के साथ उत्कृष्ट अंक हाशिल किए हैं, विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में बालिकाओं ने सवश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए है कामर्स संकाय के छात्रा सरिता साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रश्मि त्रिपाठी ने विद्यालय में द्वितीय स्थान, व सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किए, विज्ञान संकाय में भी बालिकाओं का ही दबदबा रहा रानू चन्द्राकर विद्यालय में प्रथम स्थान, तन्नू वर्मा विद्यालय में द्वितीय, भावना निर्मलकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किए।

■ सरिता और रानू ने किए 12 वीं में टॉप व अंश नामदेव रहे 10 वीं में अव्वल

कक्षा दसवीं में विद्यालय में अंश कुमार नामदेव विद्यालय टॉपर ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। केशव कुमार साहू द्वितीय 84 प्रतिशत, अनामिका यादव 79 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही शीर्ष में दामिनी 75 प्रतिशत,संतोषी 70 प्रतिशत,धर्मेंद्र जायसवाल 68 प्रतिशत,देविका चंद्राकर 66 प्रतिशत, हर्ष गुप्ता 65 प्रतिशत, हारनी चंद्राकार 62 प्रतिशत, गुंजन साहू 60 प्रतिशत के साथ विद्यालय के शीर्ष दसवे स्थान में जगह बनाए हैं। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता, बेमेतरा के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने इस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर विद्यालय की तरफ से बच्चों व अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सुशासन तिहार-2025 : हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

# बालसमुंद में लगा 22 वां समाधान शिविर, खाद्य मंत्री ने की शिरकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा विकासखंड के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बालसमुंद में सुशासन तिहार अंतर्गत 22 वा समाधान शिविर आयोजित हुआ । हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित क्लस्टर बालसमुंद सहित 11 बगौद, बाबाघठोली, पौंसरी, मोहरेंगा, राउरपुर, मुनरबोड़, बालसमुंद, आंदू, उसलापुर, भोथीडीह, खैरझिटि के लोग शामिल हुए । शिविर के मुख्य अतिथि राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल थे। अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी (एस डी एम) प्रकाश भारद्वाज मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदन और निराकार की जानकारी दी कि 11 ग्राम पंचायतों से समस्या, मांग और शिकायत संबंधी 3403 आवेदन प्राप्त हुए जिनका गुणवत्ता पूर्ण निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों ने किया जिनकी जानकारी आज इस शिविर में दी जा रही है।

बालसमुंद शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा मंत्री के समक्ष समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मंत्री श्री बघेल ने अपने संक्षिप्त कार्यक्रम में कहा कि सुशासन तिहार म अंतर्गत लगाये गए तीसरे चरण में समाधान शिविर में आपके द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकार किया गया है । जिनकी जानकारी संबंधित अधिकारी आपके सामने बता रहे है। यह काम हमारी सरकार विष्णुदेव की सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भी किसी भी गांव में औचक निरीक्षण कर जानता से सरकार के कामकाज की जानकारी ले रहे है । यही नहीं मुख्यमंत्री कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सीईओ पंचायत सहित अधिकारियों की बैठक ले कर प्राप्त आवेदनों और गांव शहर के विकास काम की प्रगति के बारे में पूछते है । उन्होंने कहा कि आज भी मुख्यमंत्री दुर्ग में अधिकारियों की बैठक लेंगे । उन्हें भी बैठक में जाना है । इसलिए में आपके बीच ज़्यादा समय। नहीं रुकपा रहा । यहाँ अधिकारी अपने-अपने विभाग की जानकारी देने आए है ।

### हितग्राहियों को दिए गए प्रमाण

शिविर में अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री, राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग की नोनी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक दी गई, वहीं वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए।

## राज्य शासन ने किया चावल उत्सव का ऐलान एक साथ मिलेगा जून, जुलाई व अगस्त का राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राशन कार्डधारियों को राज्य शासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत तीन माह जून, जुलाई और अगस्त माह का एक साथ चावल का आवंटन जारी कर दिया है। राशन कार्डधारी को सुविधानुसार एक या तीन माह का चावल उठाव करने का विकल्प होगा।

■ चावल उत्सव 2025 : बेमेतरा में राशन वितरण की तैयारियाँ पूरी, नोडल अधिकारी की ड्यूटी तय

राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त उठाव करने की बाध्यता नहीं होगी। विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्य राशन सामग्री (शक्कर, नमक, चना, गुड़) का वितरणः नागरिक आपूर्ति निगम में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर प्रत्येक माह पृथक-पृथक आबंटन कर वितरण किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ शासन , खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पत्र जारी कर चावल उत्सव के आयोजन की तिथि का निर्धारण कर उत्सव के दिन 03 महीने का चावल वितरित किया जाए। तीन माह के चावल एवं अन्य राशन सामग्री के परिवहन के लिए वाहन और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जाए।इसी तरह चावल उत्सव के आयोजन के लिए प्रत्येक उचित मूल्य के लिए नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा समय सीमा के भीतर राशन सामग्री का भंडारण और चावल वितरण के बाद सत्यापन की कार्रवाई करेंगे । इसके अलावा चावल वितरण की सूचना का उचित मूल्य की दुकानों में पोस्टर-बैनर तथा अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ई-पॉस प्रणाली का उपयोग

हितग्राहियों द्वारा प्रत्येक माह पृथक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कर राशन सामग्री का उठाव किया जाएगा। साथ ही ई-पॉस मशीन से रसीद जनरेट कर हितग्राहियों को प्रदाय की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संजय बने प्रभारी सहायक उद्यान अधिकारी



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्टेनोटायपिस्ट संजय शर्मा को वर्तमान दायित्व के साथ अस्थाई रुप से प्रभारी सहायक उद्यान अधिकारी बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी आयुक्त राजीव पांडेय द्वारा आगामी आदेश तक दी गई है।

### पेयजल के लिए बोर खनन



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पदुम नगर स्थित वार्ड 19 में पेयजल व्यवस्था के लिए पार्षद मनीष वर्मा ने अपने मद से बोर खनन का कार्य कराया है। पार्षद ने वार्ड के लोगों की परेशानियों को देखते हुए बोर खनन कर पेयजल से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया। इस दौरान बोर खनन के मौके पर गायत्री सिंह, रीता दुबे, सरला मिश्रा, ईश्वरी साहू, माधुरी बनर्जी, पायल ठाकुर, ममता साहू, खुशबू दुबे, नीतू मिश्रा, खुशबू देवांगन, सरिता साहू, प्रभा चतुर्वेदी, समरजीत सरकार आदि मौजूद थे।

### सेल निदेशक परियोजनाओं की प्रगति से हुए रुबरु



**भिलाई।** निदेशक (तकनीकी) तथा अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी (बीएसपी) मनीष राज गुप्ता ने अपने दिवसीय भिलाई प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को बीएसपी के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया एवं संचालन से जुड़े विविध पहलुओं की समीक्षा की। उत्पादन, परियोजनाओं की प्रगति, तकनीकी-आर्थिक निष्पादन, मानव संसाधन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व सुरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-5, 6 और 8 और यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में हो रहे कार्यों को देखा। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन प्रक्रिया को देखा। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार भी उपस्थित थे श्री गुप्ता ने अक्षय पात्र मिड-डे मील किचन के दौरे बाद जेएलएन अस्पताल में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग सामूहिक को संबोधित किया। ईडी डॉ. एम रविंद्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बीएसपी की दल्ली राजहरा खदान समूह और रावघाट खदानों में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। इसके बाद कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक ली।

### प्रगति भवन से निकली सायकल रैली



**भिलाई।** खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत इस्पात नगरी में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब ,साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 10 वें सप्ताह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की। रैली को सुबह 7 बजे प्रगति भवन से पीके शर्मा, डायरेक्टर मां सारदा विद्यालय और अनिकेत चंद्रा, पूर्व महासचिव, ओए-राउरकेला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजनसाइकलिंग क्लब के अध्यक्ष तथा सेफी,चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर, साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष एवं ओए- बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में किया गया। सीजीएम अनुप कुमार दत्ता, सीजीएम अनूप दत्ता ने भी सहभागिता दी। इसमें दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन सदस्य प्रवीण यदु, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिल पोलो कोच विकास कुमार, एस वी नंदनवार, राजेन्द्र जोशी, विजय पांडेय एवं गौतम बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

# मैत्रीबाग जू नन्हें पर्यटकों को सिखा रहा वन्य प्राणियों से प्रेम और सुरक्षा का सबक

## हर साल हजारों बच्चे जू एजुकेशन से ले रहे बेजुबां जानवरों व परिंदों के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश का सबसे बड़ा चिड़ियाघर मैत्रीबाग जू अंचल का एक बड़ा और आकर्षक पर्यटन स्थल है। कई खूबसूरत और विलुप्तप्राय वन्य प्राणियों को अपने में समेटे यह भव्य चिड़ियाघर मनोरंजन के साथ नन्हे पर्यटकों को लिए जू एजुकेशन में भी अहम भूमिका निभा रहा है। हर साल सैकड़ों बच्चों को वन्य प्राणियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए जागरुक किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि 1972 में निर्मित मड़ौदा सेक्टर में स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र का मैत्रीबाग जू मनोरंजन के साथ सोवियत रुस और भारत की मैत्री का भी प्रतीक है। लेकिन इस चिड़ियाघर की एक और खासियत यह है कि यहां बच्चों को जू एजुकेशन भी मिलता है। यहां तीन सौ से अधिक जानवर और पक्षी हैं। हर साल छत्तीसगढ़ और बाहर से आने वाले लाखों पर्यटकों में हजारों बच्चे भी शामिल होते हैं। इन बच्चों को यहां वन्य प्राणियों के दीदार के साथ प्रकृति से प्रेम यानी वन्य प्राणियों की रक्षा और संरक्षण के लिए भी जागरुक किया जाता है। मैत्रीबाग में सामान्य जानवरों के अलावा की विलुप्तप्राय वन्य प्राणी भी हैं,जिन्हें देखकर बच्चे इनके संरक्षण के लिए प्रेरित होते हैं। मैत्रीबाग प्रभारी महाप्रबंधक डां. एनके जैन बताता हैं कि मैत्रीबाग में दुर्लभ वाइट टाइगर सहित कई ऐसे वन्य प्राणी हैं जिन्हें संरक्षण की जरुरत है। हजारों बच्चे यहां जू एजुकेशन से लाभान्वित हो रहे हैं।



### उद्यानिकी व वन विभाग का वन्य प्राणी सप्ताह

मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों का नजारा लेने के लिए पैरेंट्स के साथ रोज आने वाले लाखों बच्चों के अलावा प्रदेश के विभिन्न शहरों व गांवों से स्कूली बच्चों की पिकनिक टीमें भी आती हैं। इनके अलावा उद्यानिकी विभाग व वन विभाग द्वारा हर साल वन्य प्राणियों के प्रति प्रेम व जागरुकता के लिए वन्य प्राणी जागरुकता सप्ताह मनाया जाता है,जिसमें वन्य प्राणियों की सुरक्षा व प्रेम पर भाषण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता होती है। इसके अलावा पिछले पचास साल से यहां हर साल स्काउट गाइड रैली आयोजित होती,जिसमें हजारों बच्चे अनुशासन के साथ वन्य प्राणियों की रक्षा का सबक भी सीखते हैं।

## स्थाई उत्पादन की दिशा में बीएसपी की अहम पहल

# डीकार्बनाइजेशन की दिशा में कारगर होगी एसपी-3 में कोक ओवन गैस इंजेक्शन प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मशीन-1 के सिंटर बेड पर कोक ओवन गैस (सीओजी) इंजेक्शन प्रणाली का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह प्रणाली संयंत्र के इस हिस्से में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। सेल के निदेशक और अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बीएसपी मनीष राज गुप्ता द्वारा इस प्रणाली का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ तथा महाप्रबंधक आरडी शर्मा के नेतृत्व में क्रियान्वित की गई। इंजीनियरिंग कार्य में मुख्य महाप्रबंधक संजीव वर्गीस की महती भूमिका रही।

### अत्याधुनिक है प्रणाली, सेल निदेशक गुप्ता ने किया उद्घाटन



### टीम वर्क्स से हुआ काम

सेल के निदेशक और अतिरिक्त प्रभारी निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राज गुप्ता ने इस प्रणाली का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ और महाप्रबंधक आरडी शर्मा के नेतृत्व में क्रियान्वित की गई। प्रणाली के इंजीनियरिंग कार्य में मुख्य महाप्रबंधक संजीव वर्गीस की महती भूमिका रही।

### डी कार्बनाइजेशन में अहम पहल

यह महत्वाकांक्षी परियोजना डी- कार्बानाइजेशन की दिशा में एक अग्रणी प्रयास है। कोक ओवन गैस, जो एक उच्च कैलोरी मान वाला उप-उत्पाद है, को सहायक ईंधन के रूप में उपयोग कर सिंटर उत्पादन में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना और कार्बन उत्सर्जन को कम करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा है। संपूर्ण परियोजना का निष्पादन संयंत्र की यांत्रिक, विद्युत एवं इंस्ट्रूमेंटेशन टीमों द्वारा संयंत्र के भीतर ही किया गया। इस कार्य में सीजीएम सजीव वर्गीज की भी भूमिका रही।

### गुणवत्ता में सुधार व फाइंस घटेगा

तकनीकी दृष्टि से, सिंटर बेड में सीओजी के इंजेक्शन से प्रति टन सिंटर उत्पादन में 2 किलोग्राम कोक की बचत संभव हो पाती है। इससे न केवल सिंटर की गुणवत्ता में सुधार होता है और रिटर्न फाइन्स की मात्रा घटती है, बल्कि सीओ-टू उत्सर्जन में भी वार्षिक अनुमानित 12,700 टन की कमी दर्ज की जा सकती है। ईंधन दक्षता में वृद्धि और लागत में भी बचत होती है। इससे संयंत्र की हरित इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता को बल मिलता है। सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों की भी व्यवस्था की गई है। इनमें सीओ गैस डिटेक्टरों की स्थापना, संचालन क्षेत्र में रणनीतिक स्थानों पर निगरानी कैमरों की तैनाती तथा सीओजी इंजेक्शन नेटवर्क में फ्लो और प्रेशर के लिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम शामिल हैं।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में सुधरेगी कैंटीन व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ इंटक की मांग पर ईडी ने दिए निर्देश

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों की भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी राकेश कुमार के साथ हुई बैठक में प्लांट की समस्याओं के निदान की मांग की गई थी। यूनियन ने ब्लास्ट फर्नेस 1 से 7 के बीच सड़क पर डस्ट गिरे हुए होने, मशीन शाप 1 के छत से लीकेज होने, आरटीएस के पास स्थित कैंटीन को बंद जगह में चलाने, बोरिया गेट पर टू व्हीलर गैलरी के सामने शेड बनाने सहित ब्लास्ट फर्नेस, टीएंडडी, कोक ओवन एसएमएस 3 स्टोर्स विभाग के मुद्दों को उठाया था। इनके निदान के लिए ईडी ने दौरा कर अधिकारियों को निदान के लिए निर्देश दिए हैं। यूनियन ने कहा है कि समस्याओं के निदान हो जाने से कर्मियों को राहत मिलेगी।

इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि घंटेभर बाद ही कार्यपालक निदेशक ने संबंधित विभागों का दौरा कर शॉप्स के मुख्य महाप्रबंधक एचके सचदेवा को लेकर मशीन शॉप 1 का दौरा कर छत लीकेज की समस्या व रेल मिलआरटीएस के सीजीएम टी दस्तीदार को साथ लेकर आरटीएस के पास लोको डिपो से लगे कैंटीन व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए व आरटीएस में सीनियरिटी लिस्ट की समस्या का जल्द समाधान करने को कहा। बीएफ 7 के निकट सड़क की सफाई के लिए पूरे डस्ट को हटाने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने मुख्य महाप्रबंधकों को अन्य समस्याओं के जल्द निदान के भी निर्देश दिए हैं।

# आत्मकथा लेखन में ईमानदारी जरुरी



■ कथाकार चंद्रशेखर की आत्मकथा का विमोचन

**भिलाई।** वरिष्ठ मलयालम कथाकार केजी चंद्रशेखर पिल्लई की कृति आत्मकथा "आकाश का एक टुकड़ा" का विमोचन कार्यक्रम प्रगति नगर फेस टू में संपन्न हुआ। श्री पिल्लई ने अपनी किताब पर विचार रखे। कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा इस आत्मकथा में लेखक की परेशानियां और उनके जीवन-संघर्ष की बात है। केरल के प्रति प्रेम जागृत करती छत्तीसगढ़ को सामने लाती माता पिता के स्मरण में यह किताब पाठकों को बांध कर रखती है। कथाकार लोकबाबाबू ने कहा आत्मकथा लिखना दुस्साहस का काम है, इसमें ईमानदारी जरूरी है। साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने कहा लेखक प्रकृति प्रेमी है और परिवार के साथ आकाश, मछली, जीव जंतु से लेखक का अगाध प्रेम झलकता है। छग प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि लेखक पिल्लई ने आत्मकथा लेखन का जोखिम उठाया है जो सराहनीया है। डॉ. सुधीर शर्मा, सन्तोष झांझी, राम सेवक पैकरा, डॉ संजय दानी, ने भी किताब पर विचार व्यक्त किये। संचालन डॉ.नीलम गांधी ने किया। कार्यक्रम में वीपी गीता, केए नारायणा, पीपी कुरूप, डीबीडे, कुंजम्मा पप्पाचन, प्रनील गांधी आदि साहित्यकार उपस्थित थे।

## ऑक्सीजन प्लांट-2 में मॉकड्रिल

# बीएसपी में ऑक्सीजन रिसाव व बचाव की तैयारी को परखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के ऑक्सीजन प्लांट-2 स्थित तरल ऑक्सीजन टैंक-1 में संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। यह मॉक ड्रिल एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, एसडीआरएफ तथा बीएसपी के विभागों द्वारा आयोजित की गई। उद्देश्य क्रायोजेनिक पदार्थों से जुड़ी आपात स्थितियों में तैयारियों का परीक्षण करना था। मांकड्रिल में दिखाया गया कि यांत्रिक समूह के छह कर्मी तरल ऑक्सीजन टैंक-1 के सिलेंडर फिलिंग पंप में एसएस यूनियन से रिसाव की शिकायत पर ब्रेकडाउन अनुरक्षण कार्य में संलग्न थे। वाल्व बंद करने के दौरान फ्लैंज पैकिंग को क्षति पहुंचने से तरल ऑक्सीजन का रिसाव होने लगा। बिजली कर्मियों की सूचना पर सायरन बजते ही सीआईएसएफ की टीम पहुँची और क्षेत्र की घेराबंदी कर अनधिकृत प्रवेश को रोका एवं वाहन संचालन नियंत्रित किया। एसईडी, सिविल डिफेंस, पर्यावरण प्रबंधन, गैस सुरक्षा, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीमें भी पहुंचीं व फाल्ट को दुरुस्त किया गया।

### इनकी रही भागीदारी

ड्रिल का अवलोकन उपखण्ड दण्डाधिकारी हितेश पिस्दा, कार्यवाहक सीजीएम पीआर भल्ला, बीके बेहरा, अनिल कुमार जोशी, कमांडेंट अभिजीत कुमार, उप कमांडेंट (एनडीआरएफ) पवन जोशी व उप कमांडेंट नागेन्द्र कुमार सिंह ने किया। समीक्षा बैठक में बीके बेहरा, अनिल कुमार जोशी, अभिजीत कुमार, सीजीएम देबदत्त सतपथी, एच के सचदेव, जेपी आदि उपस्थित थे। जीएम एसआर शेंडे ने रूपरेखा प्रस्तुत की व पीएम राजेन्द्र कुमार ने आभार जताया।



# सिंधी समाज की एकजुटता, उत्थान व संस्कृति को जीवित रखने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को रायपुर में आयोजित की गई थी। इस प्रदेश स्तरीय बैठक में आदर्श सिन्ध ब्रादर मण्डल हाउसिंग बोर्ड के साथ खुर्सीपार सिंधी पंचायत भिलाई के पदाधिकारियों ने शिरकत की।

इस अवसर पर सिन्धी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा दवरा छत्तीसगढ़ के सिन्धी समाज के अध्यक्षों व कमेटी के सदस्यों को प्रदेश स्तरीय बैठक में समाज के प्रदेश स्तरीय संविधान में संशोधन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। भिलाई सिन्धी समाज के पदाधिकारियों ने भी इस बैठक में समाज की एकजुटता, उत्थान एवं संस्कृति को जीवित रखने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये।इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड सिन्धी समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हाउसिंग बोर्ड सिन्धी समाज अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिये सिन्धी भाषा पढ़ने, लिखने व बोलने के समर कैम्प एवं विभिन्न जयंतियों व बलिदान दिवस आयोजित कर समाज के बच्चों को संस्कृति के मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास सदैव किया जाता है।

यही प्रयास संस्कृति को जीवंत रखने के लिए प्रदेश स्तर पर किया जाना चाहिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का नाम बदलने के बारे में सभी की सहमति ली गई।

### होटल में पानी बोतल 20 की जगह 40 में बेचा जा रहा

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी दुर्ग लोकसभा महासचिव, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी ने बताया कि होटल अमित इंटरनेशनल सुपेला में उपभोक्ताओं को शोषण किया जा रहा है। जो भारतीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना अपराध की श्रेणी मे आता है। शिकायत ग्राहक विकास टंडन ने की है। शिकायत में बताया है कि 17 मई 2025 को हॉटल अमित पार्क इंटरनैशनल सुपेला में उनके परिवार को एक्वाफिना 1 लीटर की बोतल खरीदा गया। जिसने प्रिंट रेट 20 लिखा था लेकिन उसे 40 रुपए में दी गई। होटल स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और सामान्य पानी देने से मना कर दिया। जनहित के विषय को देखते हुए उपभोक्ता विकास टंडन ने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी है। उन्होंने दुर्ग लोकसभा महासचिव अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी को जानकारी दी। इसे लेकर कलेक्टर को लिखिल शिकायत की गई है। होटल को जांच कर इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान होटल संचालक सुभाष साव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के नियम कायदे से यहां काम किया जाता है। जो भी आरोप लगाया जा रहा गलत बेबुनियाद है।

# युवा मोर्चा ने सड़क, पानी, बिजली से जुड़ी समस्याओं का कराया ध्यानाकर्षण



**भिलाई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कैंप 1 वार्ड 30 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी मांगपत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भिलाई शहर की विभिन्न समस्याओं में ध्यान आकर्षण कराया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में वार्डो की छोटी से छोटी समस्यायों का निराकरण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। सरकार ने डेढ़ साल में गांव-गांव में 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए हैं। अब तक 3 लाख से अधिक आवास और स्वीकृत हो चुके हैं। युवा मोर्चा ने सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, हॉस्पिटल, पट्टा, भूमि अधिकार , पोल लगाने, बारिश के पूर्व नाले नली की सफाई जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया। इस अवसर पर अमर सोनकर, पार्षद सत्यदेवी जायसवाल, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद शैलेजा, पार्षद प्रियंका भोला साहू, पार्षद लक्ष्मी दिवाकर, राजकुमार जायसवाल, भोला साहू, धर्मेंद्र दिवाकर, धनराजू, रमेश चौधरी, राहुल झा, जयंत शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक निवास पर हुआ कार्यक्रम, मुस्लिम समाज को किया आमंत्रित

# भाजपा भिलाई तीन मंडल में वक्फ संशोधन बिल पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई तीन स्थित विधायक निवास में वक्फ संशोधन बिल को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के मुस्लिम समाज के वरिष्ठ और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक से जुड़े भ्रांतियों को दूर करना, समाज में भाईचारे को मजबूत करना,अल्पसंख्यक समाज को सरकार की मंशा से अवगत कराना रहा। इस दौरान अध्यक्षता अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने किया। वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संदीप शर्मा, भाजपा कार्यकरणीय सदस्य शिरीष अग्रवाल मौजूद थे। वक्ताओं ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की वास्तविक भावना को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह संशोधन समाज के भीतर व्याप्त भेदभाव, भ्रांतियों और मतभेदों को समाप्त करने के लिए किया गया है। यह विधेयक न केवल वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह अल्पसंख्यक समाज, विशेषकर आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिम वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि समाज में व्याप्त अफवाहों और ग़लत धारणाओं को दूर करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हिंदू-मुस्लिम समाज के बीच सौहार्द बना रहे और एकजुटता से राष्ट्र निर्माण में योगदान हो सके।



### ये भी मौजूद रहे

भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, भाजपा महामंत्री बिजेंद्र सिंह, प्रेमलाल साहू, भिलाई-3 मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हामिद अहमद, मोर्चा जिला अध्यक्ष शमीम अहमद, मदरसा बोर्ड के सदस्य तौहीद खान,भिलाई-3 मस्जिद अध्यक्ष रुस्तम खान , रइस अहमद, जी एम हुसैन, हबीब खान, मकसूद खान, इमरान खान, काफिलुद्दीन, उमर अली, अबुल हसन, हामिद खान, वक्फ मंडल समिति सदस्य अनवर अली, बालमुकुंद वर्मा, आरिफ खान, मौलाना कौने नरजा, अयान शाह, अदीब शाह, टी रमना, फिरोज खान, हाजी निसार खान, हाजी लुकमान समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी में कमीशन के लिए करोड़ों रूपए की घटिया सामग्री की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आने वाले डेढ हजार से अधिक केन्द्रों में घटिया सामग्री के वितरण का खुलासा होने के बाद हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को जांच के आदेश दिए है। जिले में करीब आठ परियोजना अधिकारियों द्वारा कमीशन के लिए इस तरह के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया हैं।

जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई एक और दो, अहिवारा, धमधा, पाटन और कुम्हारी में सामग्री अनाज कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सैनिटरी पैड, वज़न मापने की मशीन समेत करोडों रूपए की लागत वाले प्रोडक्ट की सप्लाई की गई है। आंगनबाडी केन्द्रों में जब सामग्री पहुंची तो सहायिका और कार्यकर्ताओं ने घटिया स्तर के सामग्री को लेकर जमकर नाराजगी भी जताई है, जिससे उच्च स्तर से शिकायत के बाद मंत्री ने जांच के आदेश दिए है।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इस गडबडी की जांच के लिए रायपुर से लेकर जिला स्तर पर भी कलेक्टर को टीम गठित कर जांच रिपोर्ट मांगे गए हैं। मंत्री ने साफ शब्दों में कह दिया है कि, रिपोर्ट सामने आने के बाद दोषी अधिकारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने दिया जांच का आदेश, दुर्ग में मचा हडकंप

### उपयोग के पहले मटेरियल की गुणवत्ता फेल

दुर्ग के परियोजना कार्यालय में सप्लाई के बाद इसे सीधे आंगनबाडी केन्द्रों में भेज दिया गया। केन्द्रों में सामान पहुंचते ही घटिया स्तर के मटेरियल की पोल खुल गई। फर्नीचर, बर्तन भी घटिया स्तर के मिले है, वहीं हार्पिक की गुणवत्ता की खराब पाए जाने के बाद निचले स्तर से भी लगातार शिकायत मिलने से जिला अधिकारियों के का खडे हो गए हैं। आरोप है कि, सामानों की गुणवत्ता ठीक नहीं है। पता चला है कि, इस मामले में राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष जांच टीम गठित कर दी है। मंत्री ने विभाग के सचिव को 7 मई को जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं।




### अधिकारी ने कहा दो दिन में रिपोर्ट मिल जाएगी

जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर ने इस बात को स्वीकार किया है, उन्होने बताया कि, केन्द्रों में घटिया स्तर के सामग्री की सप्लाई किए जाने की बात सामने आई है। उन्होने बताया कि, दो परियोजना केन्द्रों से जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। उनके अनुसार सामग्री की सप्लाई जिले के परियोजनाओं से की गई हैं। उन्होने कहा जांच टीम गठित कर दिए गए है। रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

### कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार

प्रदेश सहित दुर्ग जिले में भी घटिया सामग्री भेजे जाने की शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश दे दिए है। जिले के आठ परियोजना के 1505 केन्द्रों में सामग्रियों का सत्यापन किया जाएगा। ऐसी जानकारी मिली है कि, इस गडबडी की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर अभिजित सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर को जमकर फटकार भी लगाई है। उनके सामने बगैर सहमति के सामग्री सप्लाई को लेकर सवाल खडा कर दिया गया है। प्रदेशभर में जहां चालीस करोड की लागत से सप्लाई किया गया है, वही दुर्ग में भी एक से डेढ करोड की राशि की सप्लाई किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसमें सामग्री वजन मशीन, पैकेजिंग मशीनों की प्रयोगशालाओं में टेस्ट कराए जाने की भी तैयारी है।

## खबर संक्षेप

### नाली में डिस्पोजल देख भड़की मेयर

दुर्ग। कसारीडीह गुरुघासीदास वार्ड 44 में नाली साफ-सफाई को लेकर मेयर अलका बाघमार ने अमला के संग निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने कसारीडीह से लगी हुई गुरुघासी दास वार्ड बस्तियों के गलियों व सड़कों में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वार्ड 44 क्षेत्र के कसारीडीह चौक में अगल-बगल कुछ दुकानदारों द्वारा नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर रखा गया है, जिसके कारण नाली सफाई नहीं हो पा रही है।

### संस्कार यात्रा में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

भिलाई। रमेश चंद्र फाउंडेशन द्वारा 15 दिवसीय संस्कार यात्रा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर कसरीडीह में किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मंत्रोच्चार एवं संस्कार गीत, आत्मरक्षा, संगीत(ढोलक, तबला, हारमोनियम), मेहंदी, सिलाई एवं बच्चों द्वारा महाभारत की झांकी जैसी विविध कलाओं का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षु बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वहीं कार्यक्रम में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम में महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, बीजेपी के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, संस्था की संचालक डॉ. मानसी गुलाटी, वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्ष के आशीष शर्मा और गौ सेवक, बजरंग दल संयोजक सौरभ देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

पेज 9 का शेष

### युक्तियुक्तकरण ...

होती है। जब शिक्षक आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरित किए जाते हैं, तो यह न केवल गुणवत्ता बढ़ाता है बल्कि प्रशासनिक दक्षता भी सुनिश्चित करता है।

## समस्या : जलस्तर गिरने से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से मचा हाहाकार



# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, टैंकर के सामने कतारें

आलोक तिवारी/राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

ग्रीष्म ऋतु की तपिश के साथ ही दुर्ग जिले में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जलाशयों से पानी छोडा गया, जिससे नहर व नाली वाले इलाको में निस्तारी की समस्या से कुछ राहत जरूर मिली हैं, लेकिन जिले के मैदानी इलाको में गंभीर जल संकट का सामना ग्रामीण कर रहे हैं। जिले के धमधा व अहिवारा ब्लाक में जलस्तर सात सौ फीट तक डाउन होने से स्थिति यह है कि, तालाब पूरी तरह से सूख चुके है और निस्तारी की समस्या से आम ग्रामीण परेशान है। हरिभूमि ने संकट वाले गांव में ग्रामीणों से चर्चा कर परेशानी पूछा।

पीने के लिए पानी टैंकरों से ग्राम पंचायतों द्वारा सप्लाई की जा रही है। गंभीर जल संकट को ध्यान में रखकर जनप्रतिनिधि केवल पत्राचार कर अपनी कर्तव्यों की इतिश्री कर ले रहे हैं। जल संकट का कोई स्थाई हल निकलता नही दिख रहा हैं। शिवनाथ और खारून नदी के किनारे बसे होने के बावजूद गांव में जल संकट की स्थिति चिंताजनक है। साजा विधायक ईश्वर साहू ने पिछले दिनों बकायदा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपने क्षेत्र के गांवों में पेयजल व्यवस्था के लिए डीएमएफ से टैंकर मांगा था। उन्होने कलेक्टर को कहा कि, ग्राम बिरझापुर, साल्हेखुर्द एवं बीरेभाट में डीएमएफ मद से टैंकर की व्यवस्था कराई जाए, ताकि ग्राम पंचायतों द्वारा उक्त टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था कराई जा सके। लेकिन सुनवाई नही हुई।

## धमधा ब्लॉक में ड्राई की स्थिति, गांवों के तालाब भी सूखने लगे, निस्तारी की समस्या







### टैंकरों के जरिए गांव में जल पहुंच रहा

दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी का कहना है कि, पिछले कुछ सालों से उनके क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार बढ़ रहा इस साल पहली बार उनके क्षेत्र के ग्राम बोरोगारका में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाने टैंकर से ग्रामीणों को पानी आपूर्ति करना पड़ रहा है। तालाब सूख जाने से भूजल से काफी नीचे चला गया है। नतीजन हैण्डपंपों से पानी आना बंद हो रहा है। पाउवारा में भी टैंकर से पानी सप्लाई करना पड़ रहा, वहीं ग्राम जंजगिरी में भी पेयजल संकट के मद्देनजर टैंकर की मांग आ रही है। जनपद सदस्य जितेन्द्र टण्डन का कहना है कि, उनके क्षेत्र के ग्राम धनोरा में अनेक हैण्डपंप भूजल स्तर नीचे चले जाने से बंद हो गए है। ग्राम के कालोनी में पहली बार टैंकर से पानी सप्लाई करना पड़ रहा है।

### किसान नहीं कर पा रहे सिंचाई

ग्राम बोड़ेगांव निवासी कृषक रविप्रकाश ताम्रकार ने कहा उनके खेत में स्थित 3 में से 2 बोर सूख गए नतीजन खेत में लगे रबी फसल में पानी सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे 10 एकड़ में लगी मक्के की फसल सूखने के कगार पर है। उनका कहना है कि, जलाशयों से जल्द पानी छोड़कर सभी निस्तारी तालाबों में पानी भरा जाए। इससे बोर भी रिचार्ज होंगे, छग प्रगतिशील किसान संगठन के महासचिव झबेन्द्र भूषण वैष्णव का कहना है कि, किसानो के खेतों में लगे बोर में पिछले साल फरवरी मार्च में जो जल स्तर था, उसके तुलना में इस बार लेवल आधा ही है, जिसकी वजह से बोर में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है।

### तालाब भी सूख गए, निस्तारी का संकट

दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के गांव नवा तरिया फरवरी माह से ही पूरी तरह सूख गया, वहीं शीतला तालाब का जलस्तर काफी कम हो जाने से यहां का निस्तारी योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि, उनके गांव के चार निस्तारी तालाबों में गर्मी के समय पानी भरा जाता है। इन सभी का जलस्तर कम हो गया, जिससे हैण्डपंपों में पानी नहीं आ रहा है। निस्तारी तालाबों को भरने से गर्मी के समय में हैण्डपंपों का जलस्तर भी बना रहता है। वर्तमान में बोर के जरिए टैंकर से सप्लाई हो रहा है, किसान का कहना है ज्यादा लेबल डाउन हुआ तो वे भी पानी नहीं दे पाएंगे।



### आसपास के गांव की भी यही हालात

जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने बताया कि उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी में बहुत ज्यादा जल संकट है। उन्होंने कहा तालाबों का जलस्तर कम होने से भूजल स्तर काफी नीचे चला गया ग्राम, तर्रा, लोहरसी, जामगांव सहित अनेक ग्रामों में इसकी वजह से हैण्डपंपों से पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है। पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष बनते ही सरस्वती बंजारे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा था, ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त जलसंकट की भीषण समस्या से लोगों को निजात दिलाने तालाबों को करने शीघ्र ही जलाशयों से नहर में पानी छोड़ने कहा था, उन्होंने बताया भूजल स्तर नीचे चला गया है, जिससे तालाब, कुंआ और नलकूप सूखते जा रहे हैं।

### आमटी गांव में सूख गए हैंडपंप

ग्राम पंचायत आमटी के आश्रित ग्राम मासाभाट में भी ग्रामीण जन जल संकट से जूझ रहे हैं, 700 आबादी वाले इस गांव में चार सरकारी बोर है। वाटर लेबल डाउन होने पानी कम निकलता है। जल जीवन मिशन भी अधूरा होने से बहुत परेशानी है, ग्राम के यीशु साहू, संतोष यादव ने कहा पानी की कमी है, कई बार जनप्रति निधियों से पेयजल व्यव्स्था करने मांग कर चुके है। दुर्ग विकासखण्ड निकुम में 48 हैंडपंप हैं, जो की तकरीबन 27 हैंडपंप चल रहे, वही लगभग दस बोर से पानी भर रहे। पूर्व सरपंच ने यहां पाइप लाइन के लिए 20 लाख का प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग को पत्र भेजा, लेकिन स्वीकृति नही मिली है। सरपंच ने बताया कि पूर्व में बिछाया गया पाइप लाइन बेहद क्षतिग्रस्त हो गया है।

## पूर्व सरपंच के कब्जे में टैंकर, की गई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत कोड़िया के 15वीं वित्तीय की राशि से पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू द्वारा पानी टैन्कर खरीदा गया था। वर्तमान में सरपंच जानकी साहू है। लेकिन इस टैंकर का उपयोग पूर्व सरपंच कर रहे है। यहां तक कि किराया भी वे वसूल रहे है। ग्रामीणों का टैंकरों का लाभ नही मिल पाने की शिकायत सरपंच जानकारी साहू ने कलेक्टर से की हैं।

■ कोड़िया के 15वीं वित्तीय की राशि से खरीदे थे टैंकर

सरपंच जानकी साहू ने बताया कि, 15वे वित्त से टैन्कर की खरीदी का भुगतान डीएससी के माध्यम से राशी 1 लाख 75 हजार रूपए अरुण एग्रीकल्चर के नाम पर 29 अक्टुबर 2023 को किया गया है। परन्तु ग्राम पंचायत कोड़िया के नवनिर्वाचित सरपंच जानकी साहू को कार्यभार के नाम पर पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू द्वारा केवल ग्राम पंचायत कोडिया के बैंक खातों में शेष राशि की जानकारी दी गई और किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही दिया गया। नवनिर्वाचित सरपंच जानकी साहू द्वारा पंचायत सचिव यामिनी कश्यप से पंचायत की सभी प्रकार की संपत्ति की जानकारी मांगे जाने पर पंचायत सचिव द्वारा लिखित में जानकारी दिया गया, उसमें पानी टैन्कर का कही कोई भी उल्लेख नहीं है।

### किराया भी गटक रहे पूर्व सरपंच

सरपंच जानकी साहू ने बताया कि गाँव में ग्रामीणों को किसी प्रकार के काम पड़ने पर पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू द्वारा पानी टैन्कर का 1000 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराया भी लिया जा रहा है, जो कि किराए का हकदार ग्राम पंचायत कोड़िया हैं। पानी टैन्कर की खरीदी तिथि 29 अक्टूबर 2023 से 19 मई 2025 तक कुल 559 दिनों तक झुमुक लाल साहू द्वारा निजी कार्य व किराया में उपयोग किया जा रहा है। उन्होने मांग की है, जिसमें कहा है ग्राम पंचायत कोडिया पानी टैन्कर को ग्राम पंचायत कोडिया को दिया जाए। प्रतिदिन एक हजार के हिसाब से 559 दिनों का 559000 रुपए पंचायत के खाते में दिलाया जाए। सरपंच ने पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू के खिलाफ सक्त से सक्त कार्यवाही किया जाए और पंचायत सचिव यामिनी कश्यप को तत्काल सचिव पद से बर्खाश्त किए जाने की मांग की है।

# सोसायटियों में ताला, भटकते रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन सोसायटियां सोमवार को बंद रही। सोसायटी कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी हडताल पर चेले गए थे। इस एकदिवसीय प्रदर्शन के चलते जिलेभर के सोसायटियों में ताला लगा रहा, वही किसान खाद व बीज के लिए भटकते रहे।

धान खरीदी के शुरूआती दौर में सोसायटी कर्मचारियों ने हडताल किया था। करीब ग्यारह दिनों तक चले आंदोलन के बीच सहमति बनने पर कर्मचारी लौट गए थे। लेकिन वर्तमान में धान का उठाव नही होने से सूखत का ठीकर सोसायटी प्रबंधकों पर मढने से वे आक्रोशित हो गए है। उन्होने ऐसे प्रकरण में किए गए एफआईआर को शून्य कराने की मांग की है। वहीं मप्र की तरह कर्मचारियों को वेतनमान व ग्रेज्युटी, महंगाई भत्ता, पेंशन, भविष्य निधि, समितियों को तीन-तीन लाख रूपए हर वर्ष अनुदान की मांग की है। वहीं सेवा नियम 2018 की संसोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने व पचास प्रतिशत प्रबंधक कैडर की भर्ती और वर्ष 2023-24 और 2024-25 में सूखत को मान्य किए जाने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री, सहकारिता

# फिर से कब्जा करने पर कूलर, चेयर और त्रिपाल को भी किया जब्त

दुर्ग। इंदिरा मार्केट में सडक किनारे कपडा दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर एक बार फिर से निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। पटेल चौक से लेकर इंदिरा मार्केट तक दुकान लगाने वाले कपडा व्यापारियों पर सक्ती की गई।

इस दौरान अमले ने कूलर, चेयर और त्रिपाल तक जब्त कर लिया। जिससे व्यापारियों में हडकंप की स्थिति निर्मित रही। बाजार व अतिक्रमण विभाग टीम ने मेयर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बाजार क्षेत्र पटवा लाइन, कपड़ा लाइन, पांच कंदील, कुनवा चौक में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार भी जारी रहा।

इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में कार्रवाही शुरू किया गया। कार्रवाही के मौके पर उन्होंने दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। पटवा लाइन व पांच कंडील बाजार क्षेत्र सडक़ किनारे रखें दुकानो के बाहर विज्ञापन बोर्ड को हटवाया।

# बस स्टैंड में पार्किंग की जगह पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बस स्टैंड में पार्किंग वाली जगह पर खतरे वाली जगह जहां पर ट्रांसफार्मर तथा जनरेटर एक साथ लगे हैं। वहां पर ठेले वालों ने मंदिर का निर्माण कर अपनी दुकानदारी शुरू कर दी है। इस अवैध कब्जे से आम आदमी के जान माल को नुकसान का खतरा पैदा हो गया है। बता दें कि पूरे शहर में अवैध कब्जा हटाए जाने को लेकर अभियान चल रहा है। महापौर अल्का बाघमार स्वयं फील्ड पर उतरकर कब्जा हटाने में जुटी हुई हैं। बावजूद इसके स्थल पर कब्जा है, जिसकी तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

■ मंदिर निर्माण कर शुरु कर दी दुकानदारी

लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर तथा जनरेटर के पास बैठकर आम लोगों को सिगरेट तथा चाय पिलाया जा रहा है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। नगर निगम द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद दुकानदार द्वारा हटधर्मिता करते हुए व्यावसायिक सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए अपना व्यवसाय किया जा रहा है।



## शिकायत के बाद आयुक्त की बड़ी कार्रवाई

# उपादान राशि जारी करने में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

उपादान राशि के प्रभारी सहायक ग्रेड तीन भूपेन्द्र गोईर को आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने हटा दिया है। उन्हें उपादान के आलावा सीपीएफ, जीपीएफ के दायित्वों से भी हटा दिया गया हे। माना जा रहा है कि, उपादान की राशि जारी करने में मनमानी की शिकायत के बाद आयुक्त द्वारा बडी कार्यवाही की गई है।

■ हटाए गए उपादान के प्रभारी भूपेंद्र गोईर

उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम द्वारा पिछले लंबे समय से परेशान हितग्राहियों को अब जाकर राहत दी है। पिछले दिनों आठ करोड रूपए उपादान की राशि जारी किए जाने की घोषणा की गई थी। जिसकी तैयारी भी चल रही थी। इस बीच उपादान के हितग्राहियों ने आयुक्त से लिखित शिकायत कर किस्तों में राशि जारी किए जाने की शिकायत की थी। महापौर अलका बाघमार की परिषद ने नगर निगम दुर्ग की 300 के करीब सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को उनके उपादान की राशि देने की घोषणा की थी।




### हटाए गए

सहायक ग्रेड तीन भूपेन्द्र गोईर को उपादान सहित अन्य प्रभार से हटा दिया गया है। कार्य लोड अधिक होने के चलते कार्यवाही की गई है।
-सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों सुखदेव, अनिल मनहरे, जगदीश सूर्या, रोहिणी बाई , देवकी बाई, प्रीति कटझोरी, बुधराम मेश्राम, शहनाज बेगम, पुरुषोत्तम अहीर, कुमारीबाई चंद्राकर, निर्मला बी, कचराबाई सोनी सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने कहा है कि उन्हें उनकी उपादान की राशि किश्तों में नहीं एकमुश्त राशि चाहिए। एकमुश्त राशि नहीं दिए जाने और बिना ब्याज के उपादान राशि भुगतान किये जाने पर हम सभी कर्मचारियों को आपत्ति है। कर्मचारियों ने कहा कि हमारे उपादान की राशि को निगम ने 5, 10,15 वर्ष रोक कर पहले ही हमे नुकसान पहुंचा दिया है। कर्मचारियों ने बताया कि, उन्हें पता चला है कि, उपादान की राशि किश्तों में दिया जाएगा। यह भी बताया जा रहा है कि जो पैसा देगा उसका पूरा पैसा निकलेंगे।

# सेंट्रल जोन ने एक विकेट खोकर ठोके 128 रन, तीन रन से जीता रोमांचक मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत सोमवार को अंतिम लीग मैच मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में खेला गया। मैच सेंट्रल जोन और साउथ जोन के विरुद्ध हुआ। सेंट्रल जोन ने तीन रन से यह मैच जीता।

सेंट्रल जोन ने एक विकेट पर 128 रन बनाए। इसमें अर्चिता मिस्त्री नॉट आउट 51 रन, कप्तान भाविका साहू ने 48 रन बनाए। विकेट कीपर शेख नाजिया ने नॉट आउट 15 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी साउथ जोन की टीम 8 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। चांद चेलक ने 69 रन बनाए। निधि मंडावी ने 13 रन, चांदनी कुमारी ने 11 रन की पारी खेली। सेंट्रल जोन से अर्चिता मिस्त्री एवं इशिता नायक ने दो-दो विकेट लिए। शांति बघेल जपनीत कौर एवं रेशमा शेख ने एक-एक विकेट लिया। एक अन्य मैच दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में वेस्ट जोन और नॉर्थ जोन के बीच खेला गया। वेस्ट जोन ने 35 रन से यह मैच जीता। लीग मैच के बाद चौथे स्थान पर रही वेस्ट जोन टीम ने 8 विकेट पर 108 रन बनाए। नॉर्थ जोन की टीम 8 विकेट पर 73 रन पर ढेर हो गई। इस प्रकार लीग मैच के बाद प्रथम स्थान पर सेंट्रल जोन, दूसरे स्थान पर साउथ जोन, तीसरे स्थान पर ईस्ट जोन, चौथे स्थान पर वेस्ट जोन और पांचवें स्थान पर नॉर्थ जोन की टीम रही।



## खबर संक्षेप

### बिजली-पानी के लिए हाहाकार

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने जारी बयान में कहा कि तीन चरणों में सुशासन त्यौहार मनाकर सत्तासीन भाजपा अपनी ही पीठ थपथपा रही है, खुद को शाबाशी दे रही है। दूसरी ओर जनता भरी गर्मी में बिजली-पानी जैसे मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को सत्ता में लाकर पछता रही है और धोखेबाज सरकार को कोस रही है। श्री कन्नौजे ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकसित छत्तीसगढ़ और भारत का जनता को सब्जबाग दिखाते शर्म नहीं आ रही है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा विस अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र और सांसद संतोष पांडे निर्वाचन जिले का उदाहरण पेश करते कहा कि भाजपा जनता को बुनियादी सुविधाएं ही दिला पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं और सुशासन तथा विकसित भारत की झूठी बात करती है। पहले सड़कों का सुधार कर लें और जनता को गर्मी में बिजली-पानी समुचित सुविधा उपलब्ध करा दें तो जनता खुद ब खुद इन्हें दुआएं देंगे, लेकिन बिजली-पानी और सड़क के मुद्दे पर जनता भाजपा को लगातार कोस रही है।

### प्रशासनिक तत्परता से रोका गया बाल विवाह

**मोहला।** विकासखंड मोहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेरी में बाल विवाह की सूचना पर जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और एक संभावित सामाजिक कुरीति को समय रहते रोक लिया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते 21 मई 2025 को प्रस्तावित बाल विवाह को सफलतापूर्वक रुकवाया। बालिका की आयु मात्र 17 वर्ष 8 माह थी, जिसे विवाह योग्य न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण करने के बाद ही विवाह करने की समझाइश दी गई। वधु पक्ष के परिजनों और ग्रामीणों को विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### नालंदा परिसर सहित विकास कामों का भूमिपूजन आज

**राजनांदगांव।** नगर विकास की कड़ी में मूलभूत सुविधा सहित अन्य विकास कार्य कराने शासन द्वारा 23 करोड़ राशि स्वीकृत की गई, जिसे धरातल में मूर्त रूप देने कल 21 मई को संध्या 6 बजे ऊर्जा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह भूमिपूजन करेंगे। साथ ही पुष्पवाटिका में बने फिस एक्वेरियम का उद्घाटन भी करेंगे। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि लगभग 30 लाख रुपए से पुष्पवाटिका में फिस एक्वेरियम का निर्माण किया गया है। जिसका कल उद्घाटन होगा। इसके साथ ही 23 करोड़ रुपए के 66 विकास कामों का भूमिपूजन किया जाएगा। महापौर यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए राजनांदगांव में नालंदा परिसर निर्माण करने स्वीकृति प्रदान किए। जिसमें सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, जहां विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर उच्च मुकाम हासिल करेंगे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी आज

**राजनांदगांव।** शहर की समाजसेवी संस्था उदयाचल द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी सभा का आयोजन कल 21 मई को शाम 5 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में रखा गया है। उदयाचल अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना एवं सचिव अतुल रायचा ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है एवं यह एक मजबूत व स्थिर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण निर्णय होगा, इसलिए संगोष्ठी सभा के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, महापौर मधुसुदन यादव, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, पद्मश्री फुलबासन यादव एवं अधिवक्ता एचबी गाजी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

---

स्पर्धा

**एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में हुई छत्तीसगढ़ राज्य फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप**

# मानसिक विकास, रणनीति, धैर्य एवं विश्लेषण की शक्ति को बढ़ाता है शतरंजः भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- शिल्प कुमार एवं प्रतिष्ठा बनी अंडर-13 राज्य शतरंज चैंपियन

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में पहली बार छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा आयोजित होने वाली अंडर 13 फिडे रेटेड राज्य शतरंज चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 20 जिलों से आए 126 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लिया। तथा अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतिस्पर्धा में अंडर 13 वर्ग के 20 अंतराष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक पंडरिया व संचालिका एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल एवं उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शतरंज संघ भावना बोहरा , कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी एवं विनीत राजोरिया सी.ई.ओ. एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल मौजूद रहे । मंच संचालन तुलसी सोनी सचिव, जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत ईश्वर सिंह राजपूत व सुबोध कुमार सिंह सह सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

इस अवसर पर स्वागत भाषण एवं आयोजन के संबंध में विनोद राठी ने कहा कि चैंपियन खोजने की दिशा में यह प्रतियोगिता पहला सफल प्रयास रहा है। उन्होंने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाला बताते हुए एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा की व्यवस्थाओं के लिए आभार प्रकट किया।

मुख्य अतिथि भावना बोहरा ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के जयघोष से की । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज बच्चों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक खेल है, जो रणनीति, धैर्य और विश्लेषण की शक्ति को बढ़ाता है। उन्होंने शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और यह आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ में शतरंज को और आगे बढ़ाने हेतु वे हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगी। इस प्रतियोगिता में शामिल नन्हे खिलाड़ियों ने जिस तरह से गंभीरता, एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ अपनी चालें चलीं, वह अत्यंत प्रेरणादायक रहा। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि उसने इन प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भविष्य की नींव रखने की प्रक्रिया है। हमारा उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा कराना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। हम भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास और खेल कौशल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में शतरंज को जीवन से जोड़ते हुए कहा कि जैसे शतरंज में हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है, वैसे ही जीवन में भी योजना और रणनीति अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा, खेल और कला में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए कहा आप सभी का लगन, प्रयास और समर्पण सराहनीय है। यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक पीढ़ी के निर्माण का मंच है।

### इस प्रकार रहे परिणाम

ओपन वर्ग (बालक) में दुर्ग के शिल्प कुमार घोड़ेश्वर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब जीता। द्वितीय स्थान दुर्ग के ही अभिनव सिंह राजपूत ने प्राप्त किया, जबकि रायपुर के देवांश जैन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

चतुर्थः विराट अय्यर (दुर्ग) पांचवां प्रणव अग्रवाल (रायपुर) छठवांः युगविजय साहू (महासमुंद) सातवां अक्ष चोपड़ा (रायपुर) आठवें स्थान पर भव्यम झावर (रायपुर) रहे। बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान प्रतिष्ठा अहिरवार (रायपुर) द्वितीय स्थानः इशिका मड़के (दुर्ग) तृतीय स्थानः हेतांशी मुदलियार (रायपुर) चतुर्थ से अष्टम स्थान पर रहीं । अन्य स्थान पर क्रमशः सुकृति शर्मा (रायपुर) अदिति आदित्य (रायपुर) अद्विका पांडेय (रायपुर) अनिरुद्धि अनंत (रायगढ़) परिधि लिल्हारे (दुर्ग) रही। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी,मोमेंटो था प्रमाण पत्र तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। बालक वर्ग में शिल्प कुमार घोड़ेसवार,अभिनव सिंह राजपूत एवं बालिका वर्ग में अहिरवार तथा इशिका मड़के राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुए ।

### इनकी रही विशेष भूमिका

प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में निर्णायकों की टीम की अहम भूमिका रही। जिसमें मुख्य निर्णायकः अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अनीश अंसारी ,सहायक निर्णायकः फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं शुभम बसोने पेयरिंग आर्बिटरः फीडे आर्बिटर हर्ष शर्माअन्य निर्णायकों में अनिल शर्मा, सुबोध कुमार सिंह, ओम प्रकाश,हरिवंश अग्रवाल, तरुण सारथी, सुरेश होता, विक्रम सिंह राजपूत, सुश्री ममता देवांगन, तथा सुश्री आकांक्षा शर्मा शामिल थे। आयोजन में चित्रांश अग्रवाल,शेख लतीफ,इम्तियाज मेमन,तुलसी सोनी का भी योगदान रहा ।

---

# बेमेतरा में विकास कार्यों को मिली गति विधायक दीपेश के नेतृत्व की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जनहितैषी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विधायक दीपेश साहू के कुशल नेतृत्व में विकास की रफ्तार हुई तेज उक्त विचार जारी बयान में कहते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू देवांगन ने कहा कि शहर की अधोसंरचना को मजबूत करते हुए आमजनों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिसमें रायपुर रोड स्थित यूनिक विला के पास से सुंदर नगर होते हुए जिला पंचायत भवन से कोबिया तिराहा तक लगभग 2.2 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। वही केके ढाबा के पास से मोहभट्टा गार्डन होते हुए नवागढ़ चौक तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। देवांगन बताया कि इन बहुप्रतीक्षित योजनाओं कार्य सीक्रेट एवं प्रारंभ होने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ विधायक दीपेश साहू से भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके अलावा शहर के सौंदर्यीकरण, बिजली-पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं जल निकासी की बेहतर व्यवस्था हेतु व्यापक चर्चा की गई। विधायक साहू को सर्व समाज के भवन व विभिन्न मांगों सहित देवांगन समाज के मांगों से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा शहर महामंत्री युगल देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ की दबिश माओवादी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

नक्सल विरोधी अभियान के तहत महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस ने डीवीसीएम रैंक के तीन माओवादी को गिरफ्तार किया है। वहीं दो अन्य को हिरासत में लिया है। पकड़े गए माओवादी ईनामी है। जिनसे एसएलआर रायफल सहित अन्य सामग्रियां बरामद की गई है। महाराष्ट्र गढचिरौली पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हिंसक वारदातों में सक्रिय रूप से शामिल और देश विरोधी कृत्य करने वाले पांच माओवादियों को गढ़चिरौली पुलिस बल और सीआरपीएफ ने 20 मई को हिरासत में लिया और उनमें से तीन को गिरफ्तार किया। अन्य दो माओवादियों की उम्र के संबंध में कोई ठोस सबूत नहीं मिलने के कारण उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिया गया है। गढ़चिरौली पुलिस बल की प्रभावी कार्रवाई के कारण गढ़चिरौली पुलिस बल ने जनवरी 2022 से अब तक कुल 103 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार माओवादियों के पास से 1 एसएलआर रायफल, 1 .303 रायफल, 3 सिंगल शॉट रायफल, 2 असॉल्ट रायफल, 3 वॉकी-टॉकी और अन्य सामग्री जब्त की गई है। उक्त पांच माओवादियों में तीन को 20 मई को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य दो माओवादियों की आयु के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य न होने के कारण उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# अपहरण के आरोपी को फांसी देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल के अपहरण और उससे जबर्दस्ती शादी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अनूप चंद्रकार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी के दो अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया था। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे फांसी देने की मांग करते हुए पीड़िता के साथ बड़ी संख्या में ग्राम भेजराटोला के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। आज सुबह लगभग 11 बजे कुमर्दा क्षेत्र के समीप ग्राम भेजराटोला से एक बस में भरकर बड़ी संख्या में पीड़िता के साथ ग्रामीण एसपी ऑफिस पहुंचे और एसपी कार्यालय के सामने गेट पर बैठकर अपहरण के आरोपी भर्रेगांव निवासी अनूप चंद्राकर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते उसे फांसी की सजा देने की मांग की। इस दौरान ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करते रहे।

---

**20 बिस्तर वार्ड, बीपीएचयू लैब और शहरी आयुष्मान**

# नवागढ़ को मंत्री दयालदास ने दी स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी सौगात







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ द्वारा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नवागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को तीन नव-निर्मित भवनों का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने 20-बिस्तर प्रसव वार्ड, बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) लैब और तिलकापारा स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया।

- प्रसूताओं को बेबी किट और नगद प्रोत्साहन राशि वितरित

बीपीएचयू की शुरुआत से क्षेत्रवासियों को अब 50 प्रकार की अत्याधुनिक प्रयोगशाला जांच सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। इससे आम नागरिकों को निजी लैब पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और समय रहते रोग की पहचान और इलाज संभव हो सकेगा। यह सुविधा विशेषकर ग्रामीण अंचलों से आने वाले गरीब मरीजों के लिए राहत का कारण बनेगी।





### वातानुकूलित प्रसव कक्ष और एनबीएसयू की स्थापना

प्रसव वार्ड के एक हिस्से में वातानुकूलित प्रसव कक्ष और नवजात शिशु देखभाल इकाई (एनबीएसयू) बनाई गई है, जिससे ग्रीष्म ऋतु में प्रसूताओं और नवजातों को बेहतर आरामदायक वातावरण मिलेगा। **स्वास्थ्य सेवाओं के सुदूर विस्तार का लक्ष्य :** मंत्री बघेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने अस्पताल को गर्मी से राहत देने के लिए 6 नए एसी देने की घोषणा की, वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर ने अतिरिक्त 2 एसी देने की बात कही। इसके अलावा अस्पताल परिसर की सड़क निर्माण के लिए नगर पंचायत को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### संस्थागत प्रसव को बढ़ावा

कार्यक्रम के दौरान 6 प्रसूता माताओं को बेबी किट, पीएनसी किट और नगद प्रोत्साहन राशि वितरित की गई, ताकि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिल सके और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

### 100-बिस्तर अस्पताल भवन की स्वीकृति पर आभार

बीएमओ डॉ. एमएम रजा ने नवागढ़ में 100-बिस्तर वाले नए अस्पताल भवन की स्वीकृति के लिए मंत्री का आभार प्रकट करते हुए बताया कि इससे क्षेत्र में प्राथमिक से लेकर विशेष चिकित्सा सेवाएं तक स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। **जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थितिः** कार्यक्रम में अजय साहू, आंदवल्भ सिंह, राकेश राजपूत, सोम ठाकुर, राहुल खुराना, आकाश दीवान, जाहिद बेग, राजाराम ठाकुर, अमित जांगड़े, संपत साहू, हेमंत सोनकर, आशाराम ध्रुव, विशेष लहरे, दिनेश सोनी, हेमू महिलांग, अजय अरोड़ा, मस्तराम वर्मा, संतोष ताम्रकार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। **कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में इनका रहा योगदानः** सफल आयोजन के पीछे सी.के. देवांगन, यू.आर. ध्रुवे, नीता साहू, वसुधा, खिलावन टंडन, सुनील नवरंगे, लता उमरे, मोहन साहू और भानु बंजारे समेत अनेक स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

### आधुनिक सुविधाओं से युक्त 20-बिस्तर प्रसव वार्ड

नव-निर्मित 20-बिस्तर प्रसव वार्ड में मरीजों के लिए बेडसाइड लॉकर, आवश्यक फर्नीचर, इलेक्ट्रिक सक्शन मशीन, क्रैश कार्ट, ड्रग ट्रॉली, ड्रेसिंग ट्रॉली, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और ऑक्सीजन सिलेंडर ट्रॉली जैसी सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं।


**नवजात शिशु देखभाल पर विशेष ध्यानः** नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए रैडिएंट वार्मर, इन्फेंट वेटिंग स्केल, नवजात पुनर्जीवन किट और टीकाकरण शेल्फ की व्यवस्था की गई है। दवाइयों के भंडारण के लिए स्टॉक रूम और नियमित जांच के लिए एंटी-नेटल चेकअप काउंटर की सुविधा भी दी गई है। इसके साथ ही नवजातों में सामान्य रूप से होने वाले पीलिया के इलाज के लिए फोटोथैरेपी मशीन की स्थापना की गई है, जिससे अब इस रोग का स्थानीय स्तर पर ही इलाज संभव हो सकेगा। शिशुओं की बेहतर देखभाल हेतु स्तनपान (ब्रेस्टफीडिंग) कैबिन और केंगारू मदर केयर (केएमसी) कैबिन भी उपलब्ध कराए गए हैं, जहां माताएं गोपनीय वातावरण में नवजात को स्तनपान करा सकेंगी और कम वजन वाले शिशुओं को त्वचा से त्वचा संपर्क द्वारा गर्माहट व सुरक्षा प्रदान कर सकेंगी।

---

**गन्ना किसानों को पेराई सत्र 2024-25 का 87.65 करोड़ का भुगतान**

# भोरमदेव कारखाना के गन्ना किसानों के खाते में 19 करोड़ रुपए हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों और कार्यक्षमता के कारण भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में किसानों को पेराई सीजन 2024-25 का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। गन्ना किसानों को पेराई सत्र 2024-25 का संपूर्ण गन्ना मूल्य राशि 87.65 करोड़ का भुगतान किया गया है।

पेराई सीजन 2024-25 के लिए 28 फरवरी 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को 18.52 करोड़ 315.10 रूपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान जारी कर दिया गया। भुगतान होने से जिले के किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई है। इस वित्तीय वर्ष में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के द्वारा गन्ने के सभी उत्पादकों को निर्धारित राशि का पूरा भुगतान किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत निरीक्षण के कारण रिकवरी में लगातार वृद्धि हो रही है। विगत दो वर्षों में लगातार बढ़ती हुई रिकवरी ने किसानों के लिए अधिक लाभ का रास्ता खोला है, जिससे उन्हें उनकी मेहनत का पूरी तरह से मूल्य मिल रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में इस वर्ष गन्ना उत्पादकों को न केवल तयशुदा दर पर भुगतान मिला, बल्कि भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता ने एक नई मिसाल कायम की है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन ने किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है। इससे जहां किसानों का भरोसा प्रणाली पर और मजबूत हुआ है, वहीं राज्य में सहकारी क्षेत्र की साख भी बड़ी है। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। इस उपलब्धि पर किसानों ने खुशी जताते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि उनके गन्ने के भुगतान में जो नियमितता आई है, उससे उन्हें बहुत राहत मिली है। अब वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार देख रहे हैं और भविष्य में और बेहतर फसल उगाने की उम्मीद कर रहे हैं।

### किसानों को हो रहा अधिक लाभ

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन और राज्य सरकार की किसान-हितैषी नीतियों के कारण भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना अब किसानों के लिए एक स्थिर और विश्वसनीय स्रोत बन चुका है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की लगातार प्रयासों ने कृषि उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने में मदद की है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। पिछले दो वर्षों में कारखाने की रिकवरी दर में सुधार हुआ है, जिससे किसानों को गन्ने की बिक्री से अधिक मुनाफा हो रहा है। कारखाने की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और कार्यकुशलता ने किसान समुदाय का विश्वास मजबूत किया है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को हर संभव सहायता दी जाएगी, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना अब किसानों के लिए एक मॉडल बन चुका है। गन्ना उत्पादकों की आर्थिक स्थिति में सुधार से क्षेत्रीय विकास को भी बल मिल रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411